दिनांक : 27/07/2026 समय :7.10एएम

प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार:-

- परीक्षा सुधारों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बनाया उच्चस्तरीय कार्य बल, नंदन नीलेकणी करेंगे नेतृत्व
- लोकसभा में आज पेश होगा पेपर लीक रोकने वाला संशोधन विधेयक, केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह करेंगे प्रस्तुत
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निवाड़ी को दी 109 करोड़ रुपये की विकास सौगात, खोलेंगे नए महाविद्यालय
- प्रदेश में मानसून फिर सक्रिय, छह जिलों में आज भारी बारिश का अलर्ट

**पीएम- हाई पावर कमेटी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा सुधारों पर एक उच्चस्तरीय कार्य बल के गठन की घोषणा की है। इस कार्य बल का नेतृत्व प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ नंदन नीलेकानी करेंगे। एक वीडियो संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह कार्य बल परीक्षा सुधारों पर काम करेगा और इसकी रिपोर्ट के आधार पर आगामी परीक्षाओं की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि देश की परीक्षा प्रणाली विश्वसनीय और पारदर्शी होनी चाहिए। कार्य बल में पूर्व इसरो अध्यक्ष एस सोमनाथ और आईआईटी चेन्नई के निदेशक वी कामकोटी सहित कई विशेषज्ञ शामिल होंगे।

**संसद- परीक्षा विधेयक**

सरकार आज लोकसभा में लोक परीक्षा अनुचित साधनों की रोकथाम संशोधन विधेयक, 2026 पेश करेगी। यह विधेयक लोक परीक्षा अनुचित साधनों की रोकथाम अधिनियम, 2024 में संशोधन के लिए लाया जा रहा है। इसे केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह पेश करेंगे। शुक्रवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने त्वरित न्यायालयों की स्थापना और पेपर लीक के मामलों में कड़ी सजा सुनिश्चित करने वाले विधेयक के मसौदे को मंजूरी दी थी।

**मन की बात- प्रदेश**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल मन की बात कार्यक्रम में प्रदेश के सीधी और नरसिंहपुर जिले में जल संरक्षण के कामों की सराहना की। उन्होंने बताया कि सीधी में करीब पंद्रह सौ तालाब बनाए गए हैं, जबकि नरसिंहपुर में अमृत सरोवरों को नया रूप दिया गया है। प्रधानमंत्री ने बताया कि चार जुलाई से देशभर में कैच द रेन अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपने आसपास के तालाब, कुएं और बावड़ियों की जिम्मेदारी लेने की अपील की।

**विकसित भारत विलेज प्रोग्राम**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए "विकसित वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम" के तहत सीमावर्ती गांवों का भ्रमण कर लौटे युवाओं से संवाद किया। ग्वालियर जिले के युवा विक्रम सिंह बघेल भी इस कार्यक्रम में शामिल युवाओं में से एक हैं। यह कार्यक्रम चार जून से तीस जून तक आयोजित किया गया था, जिसमें युवाओं को लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के 74 सीमावर्ती गांवों का भ्रमण कराया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि "माय भारत" मंच से अब तक ढाई करोड़ से ज्यादा युवा जुड़ चुके हैं।

**सीएम- निवाड़ी**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल निवाड़ी में 109 करोड़ रुपये से ज्यादा लागत के 44 कार्यों का लोकार्पण किया। उन्होंने 54 करोड़ रुपये के 15 विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार गरीब, युवा, नारी और किसानों के कल्याण के लिए काम कर रही है।

उन्होंने बताया कि इस साल 14 लाख किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदा गया। मुख्यमंत्री ने निवाड़ी में विधि महाविद्यालय और एमबीए महाविद्यालय खोलने की घोषणा की।

**राज्यपाल- मन की बात**

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को ज्ञान, संस्कार और प्रेरणा का सतत प्रवाह बताया है। भोपाल के कमला नेहरू सांदीपनि कन्या शासकीय विद्यालय में छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही। उन्होंने कार्यक्रम से पहले छात्राओं के साथ 'मन की बात' का सामूहिक श्रवण भी किया। राज्यपाल ने कहा कि यह कार्यक्रम देश के हर क्षेत्र से प्रेरक प्रसंग सामने लाता है। उन्होंने छात्राओं से इस कार्यक्रम को नियमित सुनने और दूसरों को भी प्रेरित करने की अपील की।

**अच्छी खबर- प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना**

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना छोटे व्यापारियों और स्वरोजगार से जुड़े हितग्राहियों के लिए आर्थिक संबल साबित हो रही है। झाबुआ जिले के मेघनगर में इस योजना का लाभ लेकर एक महिला ने अपने छोटे व्यवसाय को सफल उद्यम में बदल दिया है। अधिक जानकारी दे रहें हैं हमारे संवाददाता हरीश यादव

**दतिया उपचुनाव**

दतिया विधानसभा उपचुनाव से पहले चुनाव आयोग के निर्देश पर पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल किया गया है। पुलिस मुख्यालय ने चंबल-ग्वालियर अंचल में तैनात 14 निरीक्षक और उपनिरीक्षकों को हटाकर नई पदस्थापना के आदेश जारी किए हैं। यह कार्रवाई निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करने के लिए की गई है।

**शिवराज सिंह- दतिया**

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल दतिया उपचुनाव के तहत बसई में भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस भ्रम फैलाने की राजनीति करती है। उन्होंने कहा कि 2003 से पहले ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में डकैतों और अपहरण का आतंक था, जिसे उनकी सरकार ने खत्म किया। श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश तेजी से विकास कर रहा है।

**रन फॉर टाइ□र**

भोपाल के वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में कल बाघ सप्ताह के तहत "रन फॉर टाइगर" का आयोजन किया गया। इसमें करीब 600 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

**मौसम**

अब बात मौसम की। प्रदेश में मानसून का मजबूत सिस्टम फिर से सक्रिय हो गया है। कल प्रदेश के पूर्वी हिस्से में तेज बारिश हुई, जबकि आज छह जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है। मौसम विभाग के अनुसार अगले चौबीस घंटों में उमरिया, शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला और बालाघाट में भारी बारिश हो सकती है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन सहित बाकी जिलों में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश जारी रहेगी।

**क्रिकेट**

भारत ने कल हरारे में तीसरे और अंतिम टी-20 मुकाबले में जिम्बाब्वे को 35 रनों से हराकर श्रृंखला में क्लीन स्वीप किया। जिम्बाब्वे की टीम 193 रनों के लक्ष्य के जवाब में बीस ओवर में सात विकेट पर 157 रन ही बना सकी। भारत की ओर से मयंक यादव ने तीन विकेट और यश ठाकुर ने दो विकेट लिए।

**चानू- □ोल्ड**

ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों में ओलंपिक पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इससे ग्लासगो में भारत के कुल पदकों की संख्या चार हो गई है।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में.......**

1- कारगिल विजय दिवस के अवसर पर **जबलपुर** में आयोजित त्रिदिवसीय फोटो प्रदर्शनी के दूसरे दिन कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का सामूहिक लाइव प्रसारण किया गया।
2- **रायसेन** में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय विद्‌यार्थी परिषद नगर इकाई द्‌वारा देश के अमर शहीदों की स्मृति में मशाल यात्रा का आयोजन किया गया।
3- **खंडवा** में "नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत" कार्यक्रम आज स्थानीय किशोर कुमार सभागृह में आयोजित किया जाएगा ।
4- **झाबुआ** जिले में "नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0" अभियान के तहत पुलिस द्‌वारा व्यापक जन-जागरूकता अभियान लगातार चलाया जा रहा है।
5- वही **धार** में कल नशामुक्ति जन- जागरूकता मैराथन का आयोजन किया गया। जिसमें युवाओं ने भाग लेकर नशा मुक्ति की शपथ ली।
6- उधर **कटनी** जिलेभर में संचालित "नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0" अभियान के अंतर्गत चौकी क्षेत्रों में हाट-बाजार, बस स्टैंड, बाजारों में जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

-------------